भारत सरकार

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1674

(दिनांक 03.08.2023 को उत्तर देने के लिए)

बीएआरसी के दर्शकों की संख्या का आंकड़ा

1674. श्री एस. निरंजन रेड्डी:

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या ब्रॉडकास्ट ऑडियंस रिसर्च काउंसिल (बीएआरसी) द्वारा जारी दर्शको की संख्या के आंकड़े को समाचार शैली के लिए निलंबित कर दिया गया है;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार ने विशेष रूप से समाचार शैली में ब्रॉडकास्ट ऑडियंस रिसर्च काउंसिल द्वारा एकत्र किए गए दर्शक आंकड़े की पद्धति को संशोधित करने के लिए कोई कदम उठाया है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है, यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

सूचना और प्रसारण; और युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री

(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क): जी, नहीं। मेसर्स ब्रॉडकास्ट ऑडियंस रिसर्च काउंसिल (बार्क) साप्ताहिक आधार पर समाचार शैली के लिए दर्शकों की संख्या के आंकड़ों को रिपोर्ट करता है।

(ख): प्रश्न नहीं उठता।

(ग) और (घ): सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा दिनांक 16.01.2014 को जारी 'भारत में टेलीविजन रेटिंग एजेंसियों के लिए नीतिगत दिशानिर्देश' दर्शकों के मापन की कार्यप्रणाली के संबंध में व्यापक रूपरेखा निर्धारित करते हैं। नीतिगत निर्देशों के अनुरूप, बार्क ने धीरे-धीरे पैनल घरों का आकार 2017 में लगभग 30,000 पैनल से बढ़ाकर दिसंबर, 2022 में लगभग 55000 कर दिया है।

इसके अलावा बार्क मार्च, 2022 से 4-सप्ताह के रोलिंग औसत के आधार पर समाचार और विशेष रुचि शैलियों के लिए दर्शकों की संख्या के आंकड़े प्रदान कर रहा है, जो प्रभावी रूप से नमूना आकार को बढ़ाता है और रिपोर्ट किए गए आंकड़ों में सापेक्ष त्रुटियों को कम करता है।

*****